# PTET-2016 (Pre B.Ed.) - हल प्रश्न पत्र

|स्मृति पर आधारित|

## भाग – अ : मानसिक योग्यता

**1. सुनील 120 किमी./घंटा की चाल से और एंथोनी 210 किमी./घंटा की चाल से मुम्बई से पुणे आते हैं। 12 मिनट बाद दोनों के बीच कितनी दूरी का अन्तर हो जायेगा?**
(1) 18 किमी. (2) 16 किमी.
(3) 10 किमी. (4) 12 किमी. **(1)**

**2. निम्न अनुक्रम में यहाँ कितने 6 हैं, जिनके तुरन्त पहले या तो 2 हो या तुरन्त बाद 9 हो?**
**5 6 2 4 3 6 9 2 6 7 1 6 4 7 6 8 2 6 3 4 9 6 8 2**
(1) 1 (2) 2
(3) 3 (4) 4 **(4)**


**3. एक पतंग जमीन से 70 मीटर ऊँचाई पर है। पतंग की डोर जो ऊर्ध्वाधर के साथ 30° का कोण बना रही है, पतंग की डोर की लम्बाई कितनी होगी?**
(1) 70 मीटर (2) 120 मीटर
(3) 140 मीटर (4) 210 मीटर **(3)**

**4. एक ईंट का वजन एक किग्रा. है व इस आधी ईंट के बराबर है, तो इस ईंट का वजन क्या होगा?**
(1) 1 किग्रा. (2) 500 ग्राम
(3) 1 किलो 500 ग्राम (4) 2 किग्रा **(4)**

**5. एक दिन में घड़ी की दोनों सुइयाँ आपस में कितनी बार मिलती हैं?**
(1) 22 (2) 11
(3) 12 (4) 24 **(1)**

**6. शब्दकोष के अनुसार निम्नलिखित को व्यवस्थित कीजिए-**
**eagle, eager, earth, early, each**
(1) eagle, earth, eager, early, each
(2) each, eager, eagle, early, earth
(3) earth, each, eagle, eager, early
(4) eagle, earth, eager, each, early **(2)**

**निर्देश (प्रश्न सं. 7-8) - निम्नलिखित चित्र में-**




**7. कितने खिलाड़ी ऐसे हैं न तो कलाकार हैं, न डॉक्टर?**
(1) 3 (2) 4
(3) 15 (4) 25 **(4)**

**8. कितने डॉक्टर ऐसे हैं जो कलाकार भी हैं तथा खिलाड़ी भी?**
(1) 4 (2) 3
(3) 6 (4) 8 **(2)**

**निर्देश** (प्रश्न सं. 9 से 14) निम्नलिखित प्रश्न में एक तरफ दिये गये शब्दों के मध्य कुछ संबंध है। उसी प्रकार दूसरी ओर दिये गये एक शब्द का संबंध दिये गये विकल्पों में से एक शब्द से होगा, उस विकल्प का चयन कीजिए–

**9. हवाई जहाज : हवाई पट्टी :: जलयान (पोत) : ?**
(1) समुद्र (2) महासागर
(3) बन्दरगाह (4) जेली **(3)**

**10. ABCD : OPQR :: WXYZ : ?**
(1) EFGH (2) KLMN
(3) QRST (4) STUV **(2)**

**11. भूख : भोजन :: प्यास : ?**
(1) दूध (2) नदी
(3) महासागर (4) पानी **(4)**

**12. दर्पण : प्रतिबिम्ब :: पानी : ?**
(1) अपवर्तन (2) संवहन
(3) परावर्तन (4) विवर्तन **(3)**

**13. ABC : 149 :: ? : 4916**
(1) DIP (2) PID
(3) BCD (4) BDC **(3)**

**14.** $\dfrac{Y}{E} : 20 :: \dfrac{N}{D} : ?$
(1) 4 (2) 6
(3) 8 (4) 10 **(4)**

**निर्देश** (प्रश्न सं. 15-17) – लुप्त पद वाले प्रश्नों में, श्रेणी में संख्या/अक्षर लुप्त हैं। वह लुप्त संख्या/अक्षर ज्ञात कीजिए–

**15. w _ u _ xwv _ x _ wv _ xx**
(1) vxuxu (2) uwxxu
(3) xxwwu (4) xwxwu **(1)**


**16. 3, 13, 22, 32, 59, 69, 120, 130, ?**
(1) 201 (2) 211
(3) 226 (4) 232 **(2)**

**हल:** 3 →(+10)→ 13, 22 →(+10)→ 32, 59 →(+10)→ 69, 120 →(+10)→ 130, [211]
3 = $2^3-5$, 22 = $3^3-5$, 59 = $4^3-5$, 120 = $5^3-5$, 211 = $6^3-5$

**17. 2, 2, 4, 4, 7, 8, 11, 16, 16, 32, ?, 64**
(1) 22 (2) 56 (3) 48 (4) 24 **(1)**

**18. प्रश्न में दी गई श्रृंखला में एक नम्बर गलत है, गलत नम्बर छाँटियें- 2, 5, 11, 17, 23, 29**
(1) 5 (2) 29 (3) 11 (4) 2 **(4)**

**निर्देश (प्रश्न सं. 19 से 20) प्रश्न वेन आरेख पर आधारित हैं। दी गई संख्याओं को प्रदर्शित करती है-**




**19. कौनसा क्षेत्र 'परिश्रमी और बुद्धिमान किन्तु ना तो ग्रामीण और ना ही शिक्षित' व्यक्तियों को दर्शाता है?**
(1) 11 (2) 5
(3) 3 (4) 4 **(4)**

**20. कौनसा क्षेत्र 'बुद्धिमान, परिश्रमी और शिक्षित किन्तु ग्रामीण नहीं' व्यक्ति को दर्शाता है?**
(1) 12 (2) 10
(3) 4 (4) 3 **(1)**

**निर्देश** (प्रश्न सं. 21 से 25) निम्नलिखित प्रश्न में दिये गये चार समूह में से तीन समान हैं, परन्तु एक भिन्न है, इस विजातीय समूह का चयन कीजिए–

**21.** (1) 73-61 (2) 57-59
(3) 41-29 (4) 47-59 **(2)**

**22.** (1) FILO (2) HKNQ
(3) PSVY (4) WZCE **(4)**

**23.** (1) तोता (2) कबूतर
(3) कीवी (4) चिड़ियाँ **(3)**

**24.** (1) 1, 562 (2) 1, 347
(3) 3, 84 (4) 4, 245 **(4)**

**हल:** 4 अंक दो बार आया है।


**25. उस युग्म को ज्ञात करो जो अन्य से भिन्न हो-**
(1) कार्य–अवकाश (2) दिन–रात
(3) प्रगति देना–विलम्ब देना
(4) बारबार–हमेशा **(4)**

**26. यदि कूट भाषा में ROSE को TQUG लिखा जाता है, तो BISCUIT को उस भाषा में कैसे लिखा जायेगा?**
(1) DKWUEKV (2) UDKEWKV
(3) DKUEWKV (4) DKEUKWV **(3)**

**27. यदि कूट भाषा में KASHMIR को 8142753 लिखा जाता है, तो RIMSHAK को उस भाषा में कैसे लिखा जाएगा?**
(1) 3754218 (2) 3257418
(3) 3745281 (4) 3574218 **(4)**

**28. नीचे दी गई श्रेणी को कौनसा अक्षर समूह पूरा करेगा?**
**ac__ga__eg__ce__**
(1) fgac (2) acdb
(3) ecag (4) geca **(3)**

**29. नीचे दिए गए चित्र में उस भाग को पहचानिए जो कि शिक्षित ग्रामीणों को प्रदर्शित करता है?**





(1) 5, 6 (2) 5, 4
(3) 4, 5, 7 (4) 4, 5, 2 **(2)**

Maharath Academy


**निर्देश- (प्रश्न 30-32) निम्न प्रश्नों में वृत्तों के नमूने भिन्न पदों के संबंध को निरूपित करते हैं, प्रश्न में दिये हुये मदों के संबंध को कौनसा नमूना प्रदर्शित करता है? (यहाँ वृत्त एक मद को प्रदर्शित करता है।)**

**30. खिलाड़ी, मनुष्य, विद्यार्थी**




(4)

**31. गेहूं, अनाज, मक्का**



(2)

**32. मकान, रसोई, सोने का कमरा**



(2)

**33. मेरा मित्र व मैं 100 मी. दूर स्थित दो बिन्दुओं से एक-दूसरे की ओर एक स्थान से रवाना होते हैं। 30 मीटर चलने के बाद मेरा मित्र बायें मुड़ता है और 10 मीटर चलता है, तब वह दायें मुड़ता है और 20 मीटर चलता है। वह पुनः दायें मुड़ता है और वापिस रोड़ पर आ जाता है, जहाँ से उसने चलना प्रारम्भ किया था। यदि हम समान चाल से चले, तो इस समय हमारे बीच की दूरी कितनी होगी?**

(1) 30 मीटर (2) 10 मीटर
(3) 40 मीटर (4) 20 मीटर **(4)**

**34. किसी कोड भाषा में-**
**743 का अर्थ "Mangoes are good"**
**657 का अर्थ "Eat good food"**
**934 का अर्थ "Mangoes are ripe"**
**उसी भाषा में किस संख्या का अर्थ "ripe" होगा?**


(1) 5 (2) 4
(3) 9 (4) 7 **(3)**

**35. B, A से उम्र में दुगुना बड़ा है। लेकिन F से दुगुना छोटा है। C, A से उम्र में आधा है लेकिन D से दुगुना बड़ा है। समूह में उम्र में सबसे छोटा व्यक्ति कौन है?**

(1) F (2) D
(3) A (4) B **(2)**


**निर्देश- (36-37)** निम्न प्रश्न में चार आकृतियाँ है। एक आकृति अन्य आकृति से भिन्न है। उस भिन्न आकृति का चयन करें–

**36.**



(1) (2) (3) (4) **(3)**

**37.**




(1) (2) (3) (4) **(4)**

**38. प्रश्न आकृति में दिये गये टुकड़े किस अक्षर (1, 2, 3, 4) की आकृति को बनायेंगे, अपना सही विकल्प बताइये-**

**प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**



(1) (2) (3) (4)

**39.**




(1) 14 (2) 19
(3) 24 (4) 4 **(1)**

**निर्देश-** (प्रश्न 40 - 42) नीचे दी गई सूचनाओं के आधार पर प्रश्न के उत्तर दीजिए–

सुनिता, अपर्णा, खुशबू तथा मिशिका चार भिन्न–भिन्न आयु के मित्र, चार भिन्न–भिन्न स्थानों जैसे–दिल्ली, सलूम्बर, चित्तौड़गढ तथा सोलापुर में रहते हैं (जो उसी क्रम में नहीं है।) वे चार भिन्न–भिन्न वाहनों, ऑटो, इंडिगा, साइकिल तथा सेन्ट्रो (जो किसी एक क्रम में नहीं है) से अपने ऑफिस आते–जाते हैं। उनमें से प्रत्येक सिर्फ एक निश्चित स्थान पर रहता है तथा आवागमन के लिए एक प्रकार का वाहन काम में लेता है। नीचे कुछ अतिरिक्त सूचनाएँ और दी गई है–

(1) सुनिता सलूम्बर में नहीं रहती है।
(2) अपर्णा जो सबसे छोटी नहीं है, आने–जाने के लिए ऑटो का प्रयोग करती है।
(3) सबसे छोटी खुशबू नहीं है, दिल्ली में रहती है।
(4) इंडिगो का उपयोग करने वाला व्यक्ति सबसे बड़ा है तथा सोलापुर में रहता है।
(5) मिशिका चित्तौड़गढ में रहती है और साइकिल का उपयोग करती है।

**40. दिये गये समूह में कौनसा समूह सही है?**

(1) सुनिता–सेन्ट्रो (2) अपर्णा–सबसे बड़ी
(3) सुनिता–सबसे छोटी (4) खुशबू–दिल्ली
**(4)**

**41. कितने मित्रों का नाम तथा उनके द्वारा उपयोग में लाये यातायात के साधन का नाम समान अक्षर से शुरू होता है?**

(1) 1 (2) 2
(3) 3 (4) 0 **(1)**

**42. दूसरा सबसे बड़ा कौन है?**

(1) सुनिता (2) अपर्णा
(3) मिशिका
(4) पता नहीं किया जा सकता है **(4)**

**43. कौनसा नम्बर प्रश्नवाचक चिन्ह पर रखने पर मेट्रिक्स को पूरा करता है?**

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 15 | 4 |
| 7 | 38 | 5 |
| 3 | ? | 5 |

(1) 15 (2) 20
(3) 18 (4) 19 **(3)**

**44. कथन** (1) कुछ पेन किताबें हैं।
(2) सभी किताबें पेन्सिल हैं।

**निष्कर्ष-** (I) सभी पेन पेन्सिल हैं।
(II) कुछ पेन पेन्सिलें हैं।
(III) कुछ किताबें पेन हैं।
(IV) सभी पेन्सिलें पेन हैं।

(1) सिर्फ II तथा III अनुसरण करते हैं।
(2) सभी अनुसरण करते हैं।
(3) सिर्फ I तथा IV अनुसरण करते हैं।
(4) सिर्फ II, III तथा IV अनुसरण करते हैं। **(1)**

**45. कथन-** (1) सभी दरवाजे कुर्सियाँ हैं।
(2) सभी कुर्सियाँ टेबल हैं।

**निष्कर्ष-** (I) सभी दरवाजे टेबल हैं।
(II) कुछ टेबल कुर्सियाँ हैं।
(III) कुछ टेबल दरवाजे हैं।
(IV) सभी टेबल दरवाजे हैं।

(1) सिर्फ I तथा II अनुसरण करते हैं।
(2) सिर्फ III तथा IV अनुसरण करते हैं।
(3) सिर्फ II, III तथा IV अनुसरण करते हैं।
(4) सिर्फ I, II तथा III अनुसरण करते हैं। **(4)**


**46. यदि + का अर्थ ×, - का अर्थ ÷, × का अर्थ – तथा ÷ का अर्थ +, तब-**
**$10+4\times25-4\div8=?$**

(1) 41.75 (2) 53 (3) 26 (4) 29 **(1)**

**47. यदि + का अर्थ '×', × का अर्थ '–', – का अर्थ '÷' तथा ÷ का अर्थ '+' हो, तो $18\div4+3\times2-2=?$ होगा?**

(1) $-\frac{7}{2}$ (2) 21
(3) 26 (4) 29 **(4)**

**निर्देश (प्रश्न 48 से 50)** नीचे A, B, C चित्र दिए गये हैं। उन्हें पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–



A B C

**48. चित्र B में कितनी सीधी रेखाएँ तथा वर्ग हैं?**

(1) 13, 14 (2) 14, 12
(3) 15, 15 (4) 16, 15 **(1)**

**49. चित्र C में कितने त्रिभुज हैं?**

(1) 11 (2) 12
(3) 10 (4) 13 या उससे अधिक
**(4)**

**50. चित्र A में कितने त्रिभुज हैं?**

(1) 13 (2) 14 (3) 16 (4) 15 **(3)**

Maharath Academy

Search For All Subjects Notes www.maharathacademy.in

# भाग-ब : शिक्षण अभिवृत्ति व अभिरूचि परीक्षण

**51. कक्षा में पढ़ाई को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक अध्यापक को-**
(1) अपने सहकर्मियों से विचार–विमर्श करना चाहिए।
(2) विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण करना चाहिए।
(3) अपने विषय में हुये शोध से परिचित होना चाहिए।
(4) अपने लेखन को प्रकाशित करना चाहिए। **(2)**

**52. शिक्षक के लिए बाल मनोविज्ञान का ज्ञान आवश्यक होता है, क्योंकि-**
(1) इससे विद्यार्थियों की आधारभूत विशेषताओं को जानने का अवसर मिलता है।
(2) शिक्षण मनोवैज्ञानिक नियमों के अनुरूप होना चाहिए।
(3) यह आधुनिक शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता है।
(4) इसके ज्ञान से शिक्षण सफल होता है। **(1)**

**53. आपके विद्यालय के प्रधानाचार्य का लड़का आपकी कक्षा में पढ़ता है, तो आपका दृष्टिकोण उसके प्रति कैसा रहेगा?**
(1) पक्षपातपूर्ण (2) विशिष्ट
(3) अन्य विद्यार्थियों की तरह समान
(4) प्रधानाचार्य से आपके संबंधों पर निर्भर होगा। **(3)**

**54. आपकी राय में शिक्षकों को विद्यालय में समय पर आना चाहिए-**
(1) यह उनका कर्त्तव्य है
(2) समय पर आने वाले पर छात्र भी समय पर आयेंगे
(3) यह सभी का अपना–अपना दृष्टिकोण है
(4) समय पर आना जरूरी नहीं है **(1)**

**55. शिक्षक तभी प्रभावी होता है, जब-**
(1) वह प्रत्येक विषय–वस्तु की कक्षा में व्याख्या देता है।
(2) प्रत्येक विद्यार्थी के लिए व्याख्या को दोहराता है।
(3) शैक्षिक अनुभवों की विविधता प्रदान करता है।
(4) विद्यार्थियों द्वारा उठाये गये प्रश्नों के उत्तर देता है। **(4)**

**56. उपयोगी शिक्षा तब संभव होती है, जब-**
(1) विद्यार्थी पढ़ाये जा रहे विषयों में रूचि लेते हैं।
(2) विद्यार्थी को कम समझ आने वाली व्याख्या दी जाती है।
(3) पढ़ाये जाने वाला नया विषय विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान से संबंधित होता है।
(4) विद्यार्थी प्रश्न पूछते हैं और उन्हें उनके उत्तर दिये जाते हैं। **(4)**

**57. विद्यार्थियों को विद्यालय में खेल क्यों खेलने चाहिए?**
(1) यह उनको शारीरिक रूप से मजबूत बनाते है।
(2) यह अध्यापक का कार्य आसान कर देते हैं।
(3) यह समय व्यतीत करने के लिए अच्छा है।
(4) यह उनमें सहकारिता एवं शारीरिक संतुलन का विकास करते हैं। **(4)**

**58. एक विद्यार्थी आपकी कक्षा में देरी से आया, तो आप करेंगे-**
(1) अभिभावक को सूचना देंगे।
(2) दण्ड देंगे।
(3) देरी के कारणों को जानेंगे।
(4) उस पर ध्यान नहीं देंगे। **(3)**

**59. आप कक्षा में एक प्रकरण पर शिक्षण कर रहे हैं और एक विद्यार्थी ऐसा प्रश्न पूछ लेता है जो इस प्रकरण से संबंधित नहीं है, तो आप क्या करेंगे?**
(1) आप उसे असम्बन्धित प्रश्न पूछने के लिए आज्ञा दे देंगे।
(2) आप उसे असम्बन्धित प्रश्न पूछने के लिए स्वीकृति नहीं देंगे।
(3) आप इस कार्य को अनुशासनहीनता मानेंगे एवं दण्ड देंगे।
(4) आप कक्षा के पश्चात् उस प्रश्न का उत्तर देंगे। **(1)**

**60. एक अभिभावक आपको कभी भी विद्यालय में मिलने नहीं आते हैं, तो आप करेंगे-**
(1) आप उनके बच्चे पर ध्यान नहीं देंगे।
(2) आप अभिभावक को लिखेंगे।
(3) आप अभिभावक से स्वयं मिलने चले जायेंगे।
(4) विद्यार्थी को दण्डित करना आरम्भ कर देंगे। **(3)**

**61. एक अध्यापक के लिए सबसे ज्यादा क्या महत्वपूर्ण है?**
(1) कक्षा में अनुशासन बनाये रखना।
(2) कक्षा पर हावी होना।
(3) विद्यार्थियों की कठिनाइयों का समाधान करना।
(4) एक अच्छा वक्ता होना। **(3)**

**62. किसी भी विद्यालय में 'अध्यापक अभिभावक संगठन' का मुख्य उद्देश्य होता है-**
(1) विद्यार्थी को नियंत्रण में रखने हेतु।
(2) उपचारात्मक शिक्षण के लिए धन कोश जुटाने के लिए।
(3) विद्यालय को होने वाली समस्याओं के बारे में समझ बाँटने के लिए।
(4) विद्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार हेतु अभिभावकों को भी शामिल करने हेतु। **(4)**

**63. विद्यालय को विद्यार्थियों के विकास के लिए संबंध रखना चाहिए जिसके लिए होना चाहिए-**
(1) विद्यार्थी द्वारा ज्ञान का अर्जन
(2) विद्यार्थी द्वारा जीवन कौशल का अर्जन
(3) राष्ट्र के लिए वांछित कौशलों का अर्जन
(4) स्वस्थ्य मनुष्य के लिए वांछित कौशलों का अर्जन **(3)**

**64. ग्रामवासियों के मध्य तनाव है, आप उसी गाँव में अध्यापक है, आप क्या करेंगे?**
(1) आप 'ग्राम प्रधान' को सूचना देंगे।
(2) आप ग्रामवासियों को शान्त करने का प्रयास करेंगे।
(3) आप पुलिस को रिपोर्ट देंगे।
(4) आप ग्रामवासियों से दूरी रखेंगे। **(3)**

**65. एक अध्यापक विद्यार्थियों में सामाजिक मूल्यों का विकास कर सकता है?**
(1) महान लोगों के बारे में बताकर
(2) अनुशासन की भावना का विकास करके
(3) आदर्श रूप में व्यवहार करके
(4) अच्छी कहानियों को बताकर **(2)**

**66. एक आदर्श अध्यापक-**
(1) पूरे पाठ्यक्रम को पढ़ाता है।
(2) उसके विद्यार्थियों को सीखने में सहायता करता है।
(3) एक मित्र, दार्शनिक एवं मार्गदर्शक होता है।
(4) अच्छा अनुशासन बनाए रखता है। **(3)**

**67. विद्यार्थी आपके प्रश्न का आंशिक सही उत्तर देते हैं, तो आप-**
(1) इससे आगे की सूचना देंगे।
(2) आप इसे पुनर्बलन प्रदान करेंगे।
(3) अपने प्रश्न पुनः निर्माण करेंगे।
(4) सही सूचना दे देंगे। **(2)**

**68. एक विद्यार्थी आप पर यह आरोप लगाता है कि आपने कॉपियों के मूल्यांकन में पक्षपात किया है, तो इस प्रसंग को आप कैसे हल करेंगे?**
(1) उसके आरोप को अस्वीकार कर देंगे।
(2) दण्डात्मक उपाय करेंगे।
(3) उसकी स्थिति को दर्शाने का प्रयास करेंगे।
(4) कुछ अन्य विद्यार्थियों के साथ उसकी उत्तर–पुस्तिका को दिखायेंगे। **(4)**

**69. आपका एक विद्यार्थी जो अपना गृहकार्य पूरा करके नहीं लाया है उसके साथ आप किस तरह का व्यवहार करने को प्राथमिकता देंगे?**
(1) आप इसे कब तक पूरा कर लेंगे?
(2) 'आपने इसे पूरा नहीं किया कोशिश कीजिए पूरा करने की।'
(3) कारणों को जानने के लिए उससे पूछेंगे आपने इसे पूरा क्यों नहीं किया?
(4) अभी यह बेहतर होगा कि आप इसे टाल देंगे। **(3)**

**70. एक विद्यार्थी आपकी कक्षा में व्यवधान डालता है, तो आप क्या मार्ग अपनायेंगे?**
(1) आप उसे कक्षा छोड़ने के लिए कहेंगे।
(2) आप उसे उचित व्यवहार करने के लिए कहेंगे।
(3) आप इसके कारणों को जानने की कोशिश करेंगे कि वह ऐसा व्यवहार क्यों दर्शा रहा है।
(4) आप इसे अतिरिक्त गृहकार्य देंगे। **(3)**

**71. एक विद्यार्थी अपनी समस्या को अपने अध्यापक के साथ बाँटने के लिए उनके घर पहुँच जाता है, ऐसी स्थिति में अध्यापक को-**
(1) उसे सलाह देनी चाहिए कि वह अध्यापक के घर से चला जाये।
(2) विद्यार्थी के अभिभावकों से सम्पर्क करके उसकी मदद करनी चाहिए।
(3) उपयुक्त सहयोग करना और उसकी मानसिक या नैतिक अवस्था को उत्प्रेरित करना चाहिए।
(4) उसको चेतावनी देना कि वह उसके घर कभी नहीं आए। **(2)**

**72. सुनना एक कला है। इसलिए मैं प्राथमिकता दूंगा कि विद्यार्थी-**
(1) चक्र की समाप्ति पर ही प्रश्न पूछें
(2) नया प्रकरण आरम्भ करने से पूर्व ही प्रश्न पूछें
(3) उसी समय प्रश्न पूछें जब उन्हें कोई संदेह हो
(4) अपनी कठिनाइयों के सन्दर्भ में अपने कक्षा सहपाठियों के साथ विचार–विमर्श करें **(2)**

**73. भारत जैसे प्रजातांत्रिक देश में विद्यालयों को ध्यान देना चाहिए-**
(1) ऐसे गुणों के विकास में जो दिन प्रतिदिन की समस्याओं का सामाना करने में सक्षम बना सके।

Maharath Academy

(2) समुदाय द्वारा प्रदत्त मूल्यों का समावेश करना।
(3) अकादमिक उत्कृष्टता के लिए तैयारी करना।
(4) अच्छी नागरिकता के गुणों का विकास। **(4)**

**74. बालक के सीखने के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण आवश्यक चीज है-**
(1) स्वयं सोचकर यह तय करना कि क्या सही है और क्या गलत है।
(2) समाज एवं विद्यालय के नियमों एवं विनियमों को मानना।
(3) उच्च अधिकारियों (अथोरिटी) एवं बड़े लोगों की आज्ञा का पालन करना एवं उनका आदर करना।
(4) अच्छी तरह से समायोजित एवं अनुशासित रहना। **(2)**

**75. विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास महत्वपूर्ण है। आप उनमें इन मूल्यों के विकास हेतु क्या करेंगे?**
(1) नैतिक मूल्यों सम्बन्धित कार्यों को करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।
(2) वार्ताओं का आयोजन करेंगे।
(3) नैतिक मूल्यों सम्बन्धित कहानियों को प्रदर्शित करेंगे।
(4) अपने आपको एक आदर्श नैतिक व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करेंगे। **(4)**

**76. अध्यापक का कक्षा-कक्ष व्यवहार अच्छा होना चाहिए, क्योंकि-**
(1) यह एक उदाहरण प्रस्तुत करता है।
(2) विद्यार्थी ज्यादा जागरूक हो जाते हैं।
(3) सीखने को प्रोत्साहित करने वाला वातावरण बनेगा।
(4) विद्यार्थी इसकी प्रशंसा करेंगे। **(3)**

**77. आपकी कक्षा में विद्यार्थियों की ऊँचाई में बहुत भिन्नताएँ है, तो आप कक्षा की बैठक व्यवस्था करेंगे-**
(1) जो आकस्मिक/यादृच्छय हो।
(2) कम ऊँचाई वाले विद्यार्थियों को इस तरह से बैठाया जायेगा कि वे आसानी से देख सकें और कक्षा–कक्ष गतिविधियों में भाग ले सकें।
(3) जो शुद्ध रूप से ऊँचाई पर आधारित हो।
(4) लम्बे विद्यार्थियों को कक्षा में एक तरफ बैठा देंगे। **(2)**

**78. अकादमिक उत्कृष्टता की माँग वाले युग में विद्यालयों में क्रीड़ा एवं खेलकूद को समावेश करना-**
(1) समय की बर्बादी है।
(2) अकादमिक कार्य से बहुत कुछ समय चुरा लेना है।
(3) विश्राम का समय मिल जाता है।
(4) विद्यार्थी के समन्वित विकास के लिए यह आवश्यक है। **(4)**

**79. कक्षा में ही वैयक्तिक भिन्नताओं को संभालने हेतु-**
(1) विद्यालय समय पश्चात् धीमी गति से सीखने वालों को कोचिंग प्रदान करना।
(2) तेज विद्यार्थियों को मुक्त पाठन समय देना चाहिए।
(3) समवय ट्यूटोरिंग।
(4) विशेष उद्देश्यों के लिए समूहों का गठन। **(1)**

**80. वंचित वर्ग/अलाभान्वित बालक की विद्यालय में सफलता अधिकतम हो जाती है, यदि-**
(1) कौशल आधारित विषयों पर उसे ज्यादा एकाग्रता बढ़ानी चाहिए।
(2) दूसरे विद्यार्थियों की तुलना में इन्हें पहले व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलाया जाना चाहिए।
(3) उसे अन्य विद्यार्थियों की तरह ही व्यवहार करना चाहिए।
(4) उसकी बौद्धिक क्षमता को खोजते हुये शैक्षिक कमियों को दूर किया जाये। **(4)**

**81. शिक्षण ज्यादा प्रभावी हो सकता है, यदि एक अध्यापक-**
(1) अपने इरादे को उद्देश्यपूर्ण बनाए।
(2) विषय का पूर्ण ज्ञाता हो।
(3) विभिन्न प्रकार की अनुदेशन सामग्री का उपयोग करे शिक्षण के दौरान।
(4) पाठ के प्रारम्भ में ही अपने उद्देश्यों की घोषणा कर दे। **(3)**

**82. एक अध्यापक ने शुक्रवार को कम उपस्थिति पायी, उसी दिन साप्ताहिक टेस्ट दिया गया था, अध्यापक को-**
(1) अनुपस्थित विद्यार्थियों के अभिभावकों को बुलाना चाहिए।
(2) पूरे सप्ताह टेस्ट की समय सारणी बनानी चाहिए एक विषय प्रत्येक दिन।
(3) विद्यार्थियों से यह कहा जाये कि जो दो टेस्ट लगातार अनुपस्थित रहेंगे उन्हें परीक्षा में असफल दर्शाया जायेगा।
(4) विद्यार्थी पूरे सप्ताह अंतिम दिन आराम कर लेते हैं अतः सभी टेस्ट सोमवार को रखने चाहिए। **(1)**

**83. आपकी कक्षा के एक अतिसक्रिय विद्यार्थी की सफलता हेतु अध्यापक द्वारा-**
(1) विद्यार्थी को अतिरिक्त लिखित कार्य देना चाहिए ताकि विद्यार्थी अपनी सीट पर ही बैठा रहे।
(2) जब विद्यार्थी थका हुआ महसूस करे उसे अपनी सीट को छोड़ने की स्वीकृति देनी चाहिए।
(3) विद्यार्थी को ऐसी उद्देश्यपूर्ण गतिविधियाँ देनी चाहिए जो उसके गति करने की आवश्यकताओं की पूर्ति कर लेती हो।
(4) विद्यार्थी को कक्षा से अलग रख देना चाहिए। **(3)**

**84. बालक का समग्र विकास शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है, इसका अर्थ है-**
(1) मजबूत शरीर में मजबूत मस्तिष्क का विकास।
(2) मस्तिष्क की सभी विशेषताओं का उच्चतम संभावनाओं के साथ विकास।
(3) बालक की शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक शक्तियों का संतुलित विकास।
(4) बालक की समायोजन क्षमताओं का विकास। **(3)**

**85. व्याख्यान के दौरान कक्षा में कुछ व्यवधान आ जाता है, तो अध्यापक को-**
(1) थोड़ी देर के लिए शांत रहकर फिर व्याख्यान शुरू कर देना चाहिए।
(2) जो व्यवधान उत्पन्न कर रहे हों उन्हें दण्ड देना चाहिए।
(3) कक्षा में क्या हो रहा है उसके बारे में चिन्तित नहीं होंगे।
(4) व्यवधान के कारणों को जानने की कोशिश करेंगे। **(4)**

**86. विद्यार्थियों का एक समूह आपके कक्ष में प्रवेश करके गाली-गलौज करता है, हिंसक व्यवहार करता है। ऐसी स्थिति में अपने संवेगों को किस तरह से नियंत्रित करेंगे?**
(1) आप अपने शिक्षक समुदाय के लिए शर्मिन्दा महसूस करेंगे।
(2) आप उनके साथ उसी तरह से प्रतिक्रिया करते हुये शारीरिक चोट पहुँचाएंगे।
(3) पहले आप उन विद्यार्थियों के संवेगों को शान्त करेंगे और उनके व्यवहार के बारे में विनम्रता से कहेंगे।
(4) दण्डात्मक प्रावधानों की सलाह के साथ पूरे केस की रिपोर्ट प्राचार्य को देंगे। **(4)**

**87. असामाजिक लोगों के साथ आपका व्यवहार होता है-**
(1) सामान्य (2) मैत्री पूर्ण
(3) सुधारक के रूप में (4) आलोचक के रूप में **(3)**

**88. जिस प्रकार शिक्षा का लक्ष्य बालक को भविष्य के जीवन के लिए तैयार करना है, उसी प्रकार बालक को तैयार करना है-**
(1) कुछ विशेष पाठ्यक्रमों के लिए
(2) कुछ विशेष व्यवसायों के लिए
(3) भविष्य की सभी प्रकार की आपात परिस्थितियों एवं स्थितियों का सामना करने के लिए
(4) एक खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए **(3)**

**89. स्थायी और अच्छे सामाजिक सम्बन्धों के लिए वांछित है-**
(1) माँगने पर मदद करना
(2) दूसरों की तारीफ करना
(3) सामाजिक उत्सवों में भाग लेना
(4) पहल कर सहायता करना **(4)**

**90. एक शिक्षक का सबसे बड़ा शत्रु हो सकता है-**
(1) उसका उद्दण्ड विद्यार्थी
(2) उसका प्रधानाचार्य
(3) उसका अंहकार जो उसके अन्दर गुणात्मक सुधार नहीं आने देता
(4) उसका धन संबंधी लोभ **(3)**

**91. कक्षा-कक्ष संयुक्त व्यवहार समूह कहा जा सकता है जब तक कि-**
(1) आवंटित कार्य को पूरा करने की एक संयुक्त सोच/भावना हो।
(2) कक्षा में पदानुक्रमिक संगठित व्यवस्था हो।
(3) समूह पर्याप्त मात्रा में बड़ा हो।
(4) समूह के सदस्य अपनी व्यक्तिगत स्थिति को स्थापित करने की इच्छा रखें। **(1)**

**92. विद्यालय प्रशासन का आधारभूत उद्देश्य होता है-**
(1) विद्यालय में आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराना।
(2) अनुदेशन कार्यक्रमों में सुधार करना।
(3) अनुदेशन सुविधाओं के लिए विद्यालयों में संगठन को क्रियान्वयन करना।
(4) अध्यापकों को अपने कार्यों के लिए सलाह देना एवं उत्प्रेरित करना। **(3)**

**93. यदि कोई विद्यार्थी आपकी कक्षा में बेहोश हो जाता है, तो आप सर्वप्रथम क्या करेंगे?**
(1) विद्यार्थी के अभिभावकों को टेलीफोन करेंगे और उनका इन्तजार करेंगे।

Maharath Academy

(2) प्राचार्य के कक्ष की तरफ भागकर जायेंगे और अधीर होकर सहायता के लिए चिल्लायेंगे।
(3) उसे प्राथमिक उपचार देंगे और किसी निकटस्थ डॉक्टर से सम्पर्क करने का प्रयास करेंगे।
(4) उसे उसके घर भेजे जाने की व्यवस्था करेंगे। (3)

94. **सरकारी स्कूलों की शिक्षा के स्तर को पब्लिक विद्यालयों के समक्ष लाने का तरीका यह है कि-**
(1) सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के वेतन को घटा दिया जाये।
(2) सरकारी स्कूलों में निगरानी के स्तर को बढ़ा दिया जाये।
(3) सरकारी स्कूलों में सतत् मूल्यांकन प्रणाली ईमानदारी से लागू की जाये।
(4) 2 एवं 3 दोनों (4)

95. **अध्यापक कक्षा सर्वेक्षणकर्ता भी है जो छात्रों की मानसिक योग्यताओं का अनुमान लगाता है। यह मदद करता है-**
(1) अध्यापक योग्य छात्रों को अधिक अवसर प्रदान करेगा।
(2) शिक्षक कक्षा की प्रकृति जानकर उसके अनुरूप शिक्षण कार्य करेगा।
(3) शिक्षक कमजोर छात्रों को पृथक कर देता है।
(4) शिक्षक कक्षा पर काबू प्राप्त कर लेता है। (2)

96. **शिक्षण प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है-**
(1) व्यवसाय दक्षता प्रदान करना।
(2) शिक्षण के उचित तरीकों का ज्ञान कराना।
(3) नौकरी उपलब्ध कराना।
(4) ज्ञान प्रदान करना। (2)

97. **यह मेरी मान्यता है कि शिक्षण व्यवसाय है-**
(1) रूचिकर किन्तु कठिन
(2) सरल लेकिन अरूचिकर
(3) जटिल एवं सम्पूर्ण उत्तरदायित्वपूर्ण
(4) सामान्य एवं तुलनात्मक दृष्टि से कम उत्तरदायी (3)

98. **कभी-कभी बहुत विद्वान व्यक्ति भी अच्छा शिक्षक नहीं बन पाता। इसका सम्भावित कारण हो सकता है-**
(1) कक्षा में सूचना सम्प्रेषित करते समय विद्यार्थियों के स्तर को ध्यान में न रखना।
(2) शिक्षण–कौशल में परिपक्वता का न होना।
(3) विद्वता का दुरूपयोग करना।
(4) 1 एवं 2 दोनों (4)

99. **एक शिक्षक के रूप में आप पढ़ाना पसन्द करेंगे.**
(1) छोटी आयु के छात्रों को क्योंकि वे आसानी से आदेश का पालन कर लेते हैं।
(2) किशोरों को, क्योंकि वे विवेकयुक्त एवं परिपक्व होते हैं।
(3) किसी भी आयु वर्ग को क्योंकि शिक्षक प्रत्येक छात्र का मनोविज्ञान जानता है।
(4) केवल सामान्य कक्षा के छात्रों को। (3)

100. **शिक्षा परम धन है क्योंकि-**
(1) इसे कोई छीन नहीं सकता।
(2) इसे जितना बाँटा जाये यह उतना ही बढ़ाता है।
(3) इसे कोई चुरा नहीं सकता
(4) उपर्युक्त सभी (4)

## भाग-स : सामान्य ज्ञान

101. **उस तकनीक का नाम बताइये जो समुद्र में नौ-परिवहन हेतु ध्वनि प्रसारण अथवा समुद्र में पानी की सतह के नीचे वस्तु के अभिज्ञान के लिए उपयोग में लायी जाती है।**
(1) राडार (2) नैनो टेक्नोलॉजी
(3) सोनार (4) इनमें से कोई नहीं (3)

102. **उस कृति का नाम बताइये जिसके लिए ओम थानवी को के. के. बिड़ला फाउण्डेशन का 'बिहार सम्मान- 2014' प्रदान किया गया-**
(1) घर तो एक नाम है भरोसे का
(2) मुअनजोदड़ो
(3) राजस्थान: एन ओरल हिस्ट्री
(4) राजस्थान अनबाउण्ड (2)

103. **'वंश भास्कर' किस भाषा में लिखा गया है?**
(1) संस्कृत (2) डिंगल
(3) अपभ्रंश (4) मारवाड़ी (2)

104. **एस्कोर्बिक अम्ल निम्न में किस विटामिन से प्राप्त होता है?**
(1) विटामिन–ए (2) विटामिन–बी
(3) विटामिन–सी (4) विटामिन–डी (3)

105. **पेसमेकर का उपयोग निम्न में से किसे नापने में किया जाता है?**
(1) वायुदाब (2) तापमान
(3) धड़कन (4) ऊर्जा (3)

106. **राजस्थान में राज्य मानवाधिकार आयोग का गठन कब किया गया?**
(1) 19 जनवरी, 1990 (2) 18 जनवरी, 1997
(3) 31 दिसम्बर, 2000 (4) 18 जनवरी, 1999 (4)

107. **2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की जनसंख्या वृद्धि दर रही है (2001 की जनगणना के मुकाबले)-**
(1) 21.30% (2) 24.03%
(3) 13.44% (4) 20.00% (1)

108. **राजस्थान में वह कौनसी चित्रशैली है जिसमें गणिकाओं का चित्रण किया गया है?**
(1) बूँदी (2) अलवर
(3) किशनगढ़ (4) जयपुर (2)

109. **राजस्थान की 'जीवनधारा' योजना (मार्च, 2015) का उद्देश्य है-**
(1) माँ के दूध की उपलब्धता
(2) स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता
(3) रक्त की उपलब्धता
(4) यातायात की उपलब्धता (1)

110. **मेजा बाँध किस नदी पर बना हुआ है?**
(1) कोठारी नदी पर (2) कालीसिंध नदी पर
(3) पार्वती नदी पर (4) खारी नदी पर (1)

111. **मारवाड़ी नस्ल किसकी है?**
(1) भेड़ (2) बैल
(3) ऊँट (4) बकरी (1)

112. **भारत के किस मुख्य न्यायाधीश ने 'जनहित याचिका' की अवधारणा शुरू की?**
(1) पी. एन. भगवती (2) एच. जे. कानिया
(3) एस. आर. दास (4) आर. एस. पाठक (1)

113. **महाराष्ट्र में कौनसा जिला वर्तमान में पीने के पानी की विकट समस्या से जूझ रहा है?**
(1) लातूर (2) कोल्हापुर
(3) नासिक (4) नान्देड़ (1)

114. **दिबांग घाटी भारत के किस राज्य में स्थित है?**
(1) सिक्किम (2) उत्तराखण्ड
(3) असम (4) अरूणाचल प्रदेश (4)

115. **गारो जनजाति भारत के किस राज्य में मुख्यत: निवास करती है?**
(1) असम (2) मेघालय
(3) मणिपुर (4) केरल (2)

116. **राजस्थान में निम्न जिलों में किसकी सीमा पाली जिले से नहीं लगती?**
(1) बाड़मेर (2) भीलवाड़ा
(3) उदयपुर (4) नागौर (2)

117. **केन्द्रीय ऊँट प्रजनन केन्द्र राजस्थान में कहाँ पर स्थित है?**
(1) कोलायत (2) जोड़बीड़
(3) सूरतगढ़ (4) रामगढ़ (2)

118. **गुड़ी पड़वा का त्योहार कब मनाया जाता है?**
(1) चैत्र शुक्ल तृतीया (2) सावन शुक्ल तृतीया
(3) चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (4) फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा (3)

119. **संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जैव विविधता के संरक्षण हेतु संगठन कब बनाया गया?**
(1) 1992 (2) 1995
(3) 1997 (4) 1998 (1)

120. **भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया गया है?**
(1) अनुच्छेद 356 (2) अनुच्छेद 360
(3) अनुच्छेद 352 (4) अनुच्छेद 324 (1)

121. **प्रारूप समिति के समक्ष सर्वप्रथम 'प्रस्तावना' किसने रखी?**
(1) बी. आर. अम्बेडकर (2) जवाहरलाल नेहरू
(3) बी. एन. राव (4) के. एम. मुंशी (2)

122. **ब्रिटेन में संसद की सर्वोच्चता है, उसी प्रकार भारत में निम्न में से क्या सर्वोच्च है?**
(1) संसद (2) संविधान
(3) सर्वोच्च न्यायालय (4) कार्यपालिका (2)

123. **प्रागैतिहासिक काल के शैलचित्र किस स्थान पर मिले हैं?**
(1) गरदड़ा (2) नीमराणा
(3) बिजौलिया (4) केशोरायपाटन (1)

124. **'बासमती' किसकी किस्म है?**
(1) गेहूँ (2) चावल
(3) मक्का (4) चना (2)

125. **उपनिषदों की विषय-वस्तु क्या है?**
(1) देवताओं की स्तुति (2) जादू–टोना
(3) तत्वचिंतन एवं अध्यात्म
(4) यज्ञ एव कर्मकाण्ड (3)

126. **विक्रमशिला विश्वविद्यालय किसके संरक्षण में फला-फूला?**
(1) प्रतिहारों के (2) पालों के
(3) गुप्तों के (4) राष्ट्रकूटों के (2)

Maharath Academy

127. महान संस्कृत कवि कालिदास ने किसके दरबार में उन्नति की?
(1) चन्द्रगुप्त मौर्य (2) चन्द्रगुप्त -I
(3) चन्द्रगुप्त -II (4) समुद्रगुप्त **(3)**

128. 'धारी संस्कार' किस आदिवासी जनजाति में प्रचलित है?
(1) मीणा (2) भील
(3) गरासिया (4) सहरिया **(4)**

129. राजस्थान की जलपरी और विश्व की सबसे कम उम्र की महिला, जिसने अंटार्कटिका महासागर में 10 जनवरी, 2015 को तैरने का रिकॉर्ड बनाया?
(1) अपूर्वी चन्देला (2) सपना शर्मा
(3) भक्ति शर्मा (4) प्राची सिंह **(3)**

130. अमेजन एक उदाहरण है-
(1) ब्लोगिंग का (2) मनोरंजन का
(3) सोशल नेटवर्किंग का
(4) ई–कॉमर्स का **(4)**

131. एड्स रोग का मुख्य लक्षण है-
(1) निरन्तर बुखार एवं कमजोरी
(2) निरन्तर दस्त
(3) शरीर के भार में ह्रास
(4) उपर्युक्त सभी **(4)**

132. ब्रिटिश काल में राजस्थान में प्रचलित सिक्कों का नाम था-
(1) भिलाड़ी (2) कलदार
(3) शालिमशाही (4) भीलड़ी **(2)**

133. संविधान के अनुच्छेद 80 के अनुसार राज्य सभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या कितनी हो सकती है?
(1) 238 (2) 250
(3) 233 (4) 248 **(2)**

134. नासिक किस नदी के किनारे है?
(1) गोदावरी (2) गंगा
(3) यमुना (4) ताप्ती **(1)**

135. डीजल इंजन का आविष्कार किसने किया?
(1) जॉन मेकाडम (2) रूडोल्फ
(3) जॉन नेपियर (4) जेम्स वॉट **(2)**

136. 'चेन्नई स्नेक पार्क' की स्थापना किसने की?
(1) जे.सी. डेनियल (2) रोमुलस व्हाइटेकर
(3) सलीम अली (4) रॉबर्ट गोर्डन **(2)**

137. साइकस पौधा देखने में कैसा लगता है?
(1) पीपल वृक्ष (2) बरगद वृक्ष
(3) आम वृक्ष (4) खजूर वृक्ष **(4)**

138. प्रमुख साप्ताहिक समाचार-पत्र 'अमृत बाजार पत्रिका' का प्रथम प्रकाशन (1868 ई.) किस भाषा में हुआ?
(1) उर्दू (2) अंग्रेजी
(3) बंगाली (4) मलयालम **(3)**

139. 'वृहद राजस्थान' का उद्घाटन 30 मार्च, 1949 को किसने किया?
(1) हीरालाल शास्त्री (2) पं. जवाहरलाल नेहरू
(3) सरदार वल्लभभाई पटेल (4) एन. वी. गाडगिल **(3)**

140. पण्डित नयनूराम शर्मा, तनसुखलाल मित्तल, ऋषिदत्त मेहता, मांगीलाल भव्य, इन्द्रदत्त स्वाधीन आदि स्वतंत्रता सेनानी किस क्षेत्र के प्रजामण्डल से सम्बद्ध थे?
(1) मेवाड़ (2) हाड़ौती
(3) वागड़ (4) मारवाड़ **(2)**

141. 'वेदों की ओर लौटो' नारा किसने दिया?
(1) स्वामी दयानन्द सरस्वती
(2) स्वामी विवेकानन्द
(3) बालगंगाधर तिलक
(4) विष्णुशास्त्री बापट **(1)**

142. पद्मश्री सीतादेवी की पहचान निम्न में से किस क्षेत्र में है?
(1) भरतनाट्यम (2) मधुबनी पेंटिंग
(3) भोजपुरी सिनेमा (4) संस्कृत नाट्य **(2)**

143. पोलियो बीमारी होती है-
(1) जीवाणु से (2) कृमि से
(3) विषाणु से (4) फंगस से **(3)**

144. 'सांसद आदर्श ग्राम योजना' किस जयंती के अवसर पर भारत सरकार ने शुरू की?
(1) महात्मा गाँधी (2) जयप्रकाश नारायण
(3) पं. जवाहरलाल नेहरू
(4) सरदार वल्लभभाई पटेल **(2)**

145. निम्न में से कौनसा स्टेट (राज्य) 'ड्राई स्टेट' नहीं है?
(1) गुजरात (2) मिजोरम
(3) कर्नाटक (4) नागालैण्ड **(3)**

146. विश्व स्वास्थ्य दिवस- 2016 की 'थीम' क्या रखी गयी है?
(1) बीट कैंसर (2) बीट पोलियो
(3) बीट डायबिटिज (4) बीट हार्ट अटैक **(3)**

147. सत्य शोधक समाज के संस्थापक हैं-
(1) नारायण गुरू (2) बी. आर. अम्बेडकर
(3) महात्मा गाँधी (4) ज्योतिबा फुले **(4)**

148. मोपला विद्रोह कहाँ हुआ था?
(1) राजपूताना (2) केरल
(3) कश्मीर (4) केन्द्रीय प्रांत **(2)**

149. भारत सरकार का वित्त विधेयक प्रस्तुत किया जाता है-
(1) उच्च सदन में (2) निम्न सदन में
(3) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में
(4) इनमें से कोई नहीं **(2)**

150. इण्डियन नेशनल कॉंग्रेस की ओर से 1927 में ब्रूसेल्स में हुए 'कांग्रेस ऑफ ओप्रेस्ड नेशनेलिटीस' में किसने हिस्सा लिया था?
(1) मदन मोहन मालवीय
(2) महात्मा गाँधी
(3) जवाहरलाल नेहरू
(4) सुभाष चन्द्र बोस **(3)**

## भाग-द : भाषा कौशल : हिन्दी

151. 'ज्योत्स्ना' का पर्यायवाची शब्द इनमें से कौनसा नहीं है?
(1) जुन्हाई (2) कौमुदी
(3) चंद्रिका (4) रसिका **(3)**

152. 'घी का कुप्पा लुढ़कना' का आशय है-
(1) भारी नुकसान होना (2) भारी मुनाफा होना
(3) बहुत खुशियाँ मनाना (4) बहुत सम्पन्न होना **(1)**

153. 'गंगा गए गंगादास जमना गए जमनादास' कहावत का अर्थ है-
(1) पुण्यात्मा (2) तीर्थयात्री
(3) अवसरवादी (4) स्वार्थी **(3)**

154. 'विपत्ति के समय थोड़ी सहायता भी बड़ी होती है' इस भाव की व्यंजक पंक्ति है-
(1) चार दिन की चाँदनी फिर अंधेरी रात
(2) आम के आम गुठलियों के दाम
(3) चुपड़ी और दो–दो
(4) डूबते को तिनके का सहारा **(4)**

155. 'अंडे सेना' मुहावरे का अर्थ है-
(1) मुर्गी के चूजों के ऊपर बैठना
(2) स्वावलम्बी होना (3) स्वार्थ सिद्ध करना
(4) घर में बेकार बैठना **(4)**

156. 'जूतम-पैजार' मुहावरे का अर्थ है-
(1) लड़ाई–झगड़ा होना
(2) लूट–मचना
(3) छीनाझपटी करना
(4) किसी वस्तु की बहुतायत **(1)**

157. इनमें से विशेषण शब्द कौनसा है?
(1) रजाई (2) खटास
(3) कड़वाहट (4) जयपुरी **(4)**

**निर्देश (प्रश्न सं. 158-160)- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

संसार के सभी देशों में शिक्षित व्यक्ति की सबसे पहली पहचान यह होती है कि वह अपनी मातृभाषा में दक्षता से काम कर सकता है। केवल भारत ही एक देश है, जिसमें शिक्षित व्यक्ति वह समझा जाता है, जो अपनी मातृभाषा में दक्ष हो या नहीं, किन्तु अंग्रेजी में जिसकी दक्षता असंदिग्ध हो। संसार के अन्य देशों में सुसंस्कृत व्यक्ति समझा जाता है जिसके घर में अपनी भाषा की पुस्तकों का संग्रह हो और जिसे बराबर यह पता रहे कि उसकी भाषा के अच्छे लेखक और कवि कौन हैं तथा समय–समय पर उनकी कौन–सी कृतियाँ प्रकाशित हो रही हैं। भारत में स्थिति दूसरी है। यहाँ प्रायः घर में साज–सज्जा के उपकरण तो होते हैं किन्तु अपनी भाषा की कोई पुस्तक या पत्रिका दिखाई नहीं पड़ती। यह दुरावस्था भले ही किसी ऐतिहासिक प्रक्रिया का परिणाम है, किन्तु वह सुदशा नहीं, दुरवस्था ही है और जब तक यह दुरवस्था कायम है, हमें अपने आपको सही अर्थों में शिक्षित और सुसंस्कृत मानने का ठीक–ठीक न्यायसंगत अधिकार नहीं।

158. यहाँ किस ऐतिहासिक प्रक्रिया की ओर संकेत है?
(1) भारत में बढ़ते भौतिकवाद की ओर
(2) भारत में मुसलमानों के आक्रमण की ओर
(3) भारत में अंग्रेजों की गुलामी की ओर
(4) भारत के लोगों की स्वार्थपरता की ओर **(1)**

159. भारत में शिक्षित व्यक्ति किसे माना जाता है-
(1) जिसे हिन्दी आती हो।
(2) जिसे मातृभाषा आती है।
(3) जिसे अंग्रेजी आती हो।
(4) जिसने अंग्रेजी में पढ़ाई की हो। **(3)**

160. संसार के अन्य देशों में सुसंस्कृत व्यक्ति किसे मानते हैं?
(1) जो संस्कृत जानता हो।

Maharath Academy

Search For All Subjects Notes www.maharathacademy.in

(2) जो स्वभाषा जानता हो।
(3) जिसके घर में स्वभाषा की पुस्तकें हों।
(4) जिसे स्वभाषा, स्वसाहित्य और लेखकों से जुड़ाव हो। (4)

161. किस शब्द में र् नहीं हैं-
(1) कृष्ण (2) मार्ग
(3) राष्ट्र (4) श्रम (1)

162. उच्चारण स्थान की दृष्टि से 'क-वर्ग' के सभी वर्णों का उच्चारण स्थान कौनसा है?
(1) तालव्य (2) कंठ्य
(3) मूर्द्धन्य (4) दंत्य (2)

163. उत् + श्वास की संधि इनमें से कौनसी है?
(1) उत्स्वास (2) उच्श्वास
(3) उच्छ्वास (4) उच्छ्वास (4)

164. किस शब्द में 'सम्' उपसर्ग लगा है?
(1) संहार (2) स्वीकार
(3) सप्रेम (4) साकार (1)

165. 'श्रावण' शब्द का संधि-विच्छेद इनमें से कौनसा है?
(1) श्रौ + अण (2) श्रौ + अन
(3) श्रो + वण (4) श्रौ + अन (2)

166. 'जगदम्बा' शब्द का संधि-विच्छेद इनमें से कौनसा है?
(1) जगद + अम्बा (2) जगत् + अम्बा
(3) जगत + अम्बा (4) जग + दम्बा (2)

167. पितृ + अनुमति की संधि इनमें से कौनसी है?
(1) पित्रनुमति (2) पित्रानुमति
(3) पितुनुमति (4) पितृनुमति (1)

168. 'चरणारविंद' का विग्रह इनमें से कौनसा है?
(1) चरणों में अरविंद (2) अरविंद के चरण
(3) चरण रूपी अरविंद (4) चरण जैसे अरविंद (3)

169. 'क्रीड़ाक्षेत्र' का विग्रह इनमें से कौनसा है?
(1) क्रीड़ा का क्षेत्र
(2) क्रीड़ा वाला क्षेत्र
(3) क्रीड़ा के लिए क्षेत्र
(4) क्रीड़ा और क्षेत्र (3)

170. निम्न में से किस शब्द में अव्ययीभाव समास नहीं है?
(1) नीरस (2) प्रतिदिन
(3) देशभक्ति (4) यथारूचि (3)

171. निम्नलिखित में से उपसर्ग रहित शब्द कौन सा है?
(1) अत्यधिक (2) सुरेश
(3) निर्देश (4) सुयोग (2)

172. इनमें से किस शब्द में 'अक' प्रत्यय नहीं है?
(1) चालक (2) पालक
(3) कारक (4) बालक (3)

173. इनमें से किस शब्द में 'एरा' प्रत्यय नहीं है?
(1) कमेरा (2) सपेरा
(3) सवेरा (4) ममेरा (1)

174. 'कालिमा' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-
(1) मा (2) इमा
(3) लिमा (4) आ (2)

175. वैज्ञानिक शब्द किस प्रत्यय से बना है?
(1) निक (2) अक
(3) इक (4) क (3)

176. निम्न में से कौन सा शब्द 'दुर्' या 'दुस्' उपसर्ग से नहीं बना है?
(1) दुबला (2) दुर्गम
(3) दुर्जन (4) दुस्साहस (1)

177. 'अन्' उपसर्ग से बना शब्द है-
(1) अनेक (2) आदि
(3) अध (4) नेक (1)

178. 'तिरस्कार' शब्द में कौनसा उपसर्ग है?
(1) तिर् (2) ति
(3) तिरस् (4) कार (3)

179. 'अप्रत्याशित' शब्द में मूल शब्द है-
(1) प्रत्याशित (2) आशा
(3) आशित (4) प्रत्य (2)

180. अशुद्ध शब्द छाँटिए-
(1) वाङ्मय (2) उन्नीसवीं
(3) ज्योतसना (4) पाँचवा (3)

181. सही वर्तनी शब्द है-
(1) श्रेयर (2) ब्रम्हा
(3) स्वातन्त्रय (4) आल्हादित (3)

182. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?
(1) एतिहासिक (2) इतिहासिक
(3) इतिहासीक (4) ऐतिहासिक (4)

183. शुद्ध वर्तनी किस क्रमांक में है?
(1) अतिशयोक्ति (2) अतिश्योक्ति
(3) अतीश्योक्ती (4) अतिश्योक्ती (1)

184. 'चार अतिथि आ गये हैं, उसको जलपान कराना है' में किस तरह की अशुद्धि है?
(1) लिंग संबंधी अशुद्धि (2) वचन संबंधी अशुद्धि
(3) क्रिया संबंधी अशुद्धि
(4) कारक संबंधी अशुद्धि (2)

185. 'महात्मा गाँधी का देश सदैव आभारी रहेगा' में किस तरह की अशुद्धि है?
(1) वाच्य प्रयोग की अशुद्धि
(2) पुनरूक्ति की अशुद्धि
(3) पदक्रम सम्बन्धी अशुद्धि
(4) संयुक्त क्रिया की अशुद्धि (3)

186. किस क्रम में वाक्य शुद्ध नहीं है?
(1) बच्चे को चाकू से काटकर गाजर खिलाओ।
(2) कृपया मेरे घर आएँ।
(3) वहाँ लगभग सौ लोग थे।
(4) कृपया हमारी मांग भी मान लें। (1)

187. 'शेर को देखकर उसका होश उड़ गया' का शुद्ध रूप है-
(1) शेर को देखकर वह भयभीत हो गया।
(2) शेर को देखकर वह बेहोश हो गया।
(3) शेर को देखकर उसका होश भाग गया।
(4) शेर को देखकर उसके होश उड़ गए। (4)

188. ''कई सचिवालय के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।'' वाक्य का शुद्ध रूप होगा-
(1) कई सचिवालय में कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।
(2) सचिवालय के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।
(3) सचिवालय में कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।
(4) सचिवालय से कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई। (2)

189. 'अँगीठी' का तत्सम शब्द है?
(1) अग्निका (2) अग्निष्ठिकी
(3) अग्निष्ठिका (4) अनिष्ठिका (3)

190. 'खंडहर' का तत्सम शब्द है-
(1) खण्डहर (2) खण्डगृह
(3) खंडघर (4) खड़हर (1)

191. किस क्रमांक में 'अंबुज-अंबुद' शब्द-युग्म का सही अर्थ- भेद है?
(1) कमल–बादल (2) पृथ्वी–आकाश
(3) जल–धरती (4) गुलाब–बादल (1)

192. किस क्रमांक में 'परिमाण-परिणाम' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है?
(1) दूरी–फल (2) मात्रा–नतीजा
(3) दूरी–मोटाई (4) मात्रा–दूरी (2)

193. रत-रति शब्द युग्म का अर्थ है-
(1) पुरूष–स्त्री (2) प्रेमी–प्रेमिका
(3) लीन–प्रेम (4) संयोग–श्रृंगार (3)

194. किस क्रमांक में 'प्रसाद-प्रासाद' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है?
(1) फल–कृपा (2) कृपा–पूजा की सामग्री
(3) कृपा–महल (4) महल–महानता (3)

195. अनथक परिश्रम और सतत....... से व्यक्ति सफलता की चरम सीमा को पा लेता है-
(1) व्यवसाय (2) अध्यवसाय
(3) समवाय (4) संकाय (2)

196. भारत के ग्राम्यांचल में बड़ी संख्या में बच्चे बन्धुआ मजदूर के रूप में ........ हैं-
(1) तन्मय (2) उन्मत्त
(3) कटिबद्ध (4) कार्यरत (4)

197. इनमें से किस वर्ग में गलत विलोम है?
(1) सात्विक –तामसिक (2) कृपण–उदार
(3) निंद्य–वंद्य (4) उत्कर्ष–अपकर्षक (4)

198. 'स्थावर' का विलोम शब्द है-
(1) सचल (2) चंचल
(3) चेतन (4) जंगम (4)

199. निम्नलिखित में से 'कूतना' किसका पर्यायवाची है?
(1) खिल्ली (2) आल्हाद
(3) तखमीना (4) उन्नत (3)

200. निम्नलिखित में से कौनसा 'साहिल' शब्द का पर्यायवाची नहीं है?
(1) श्वान (2) पुलिन
(3) कूल (4) किनारा (1)

Maharath Academy

Search For All Subjects Notes www.maharathacademy.in